दिनांक : 01.05.2026 **समय : 02.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

समाचार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु– बुद्ध पूर्णिमा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुद्ध पूर्णिमा पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पवित्र दिन भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण की ऐतिहासिक घटनाओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के करुणा, अहिंसा और शांति के संदेश आज भी पूरी मानवता का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने नागरिकों से बुद्ध के आदर्शों को अपनाकर एक शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

जबलपुर घटनाः मुख्यमंत्री

जबलपुर के बरगी बांध पर कल 29 सवारियों से भरे क्रूज के डूब जाने के मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि घटना बेहद दुखद है। इस पूरे मामले की जांच कराने के लिए दल गठित किया जा रहा है। यह घटना बेहद दुखद है जिसको लेकर मैं कहना चाहता हूं कि सभी लोग लाइफ जैकेट का उपयोग करना चाहिए ।

वहीं हमारे जबलपुर संवाददाता ने बताया कि बरगी बांध में हुए हादसे में अभी रेस्क्यू अभियान जारी है। ताजा जानकारी के अनुसार अब तक 9 लोगों के शव मिलने की पुष्टि हुई है, जिनमें चार साल और बारह साल उम्र के बच्चे भी हैं। 28 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। उधर हादसे मे करीब 20 फिट गहराई में फँसे क्रूज को सफलतापूर्वक किनारे तक लाया जा चुका है और अब उसे क्रेन की सहायता से बाहर निकालने के प्रयास जारी हैं।

शिवराज सिंह चौहान– ओडिशा दौरा

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज ओडिशा की यात्रा पर हैं। उन्होंने रायगड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण का शुभारंभ किया। इस चरण में 1 हजार 698 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 827 सड़क परियोजनाएं बनाई जाएंगी, जिनकी कुल लंबाई करीब 171 किलोमीटर होगी।

विमानन बैठकः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विमानन क्षेत्र में मध्यप्रदेश को देश का रोल मॉडल बनाने के प्रयास किए जाएं। प्रदेश के दूरस्थ इलाकों के साथ ही पड़ौसी राज्यों के यात्रियों को भी विमानन सेवाएं लाभान्वित करती हैं। कल मंत्रालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि प्रदेश में विकसित होने वाले मेट्रोपोलिटन क्षेत्रों और विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के परिसर में हैलीपेड निर्माण को प्राथमिकता दी जाए। हैली सेवाओं के विस्तार के लिए हैलीपेड निर्माण में निजी क्षेत्र का सहयोग प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विमानन सेवाओं के विस्तार के साथ दक्ष पायलट और अन्य प्रशिक्षित अमले की आवश्यकता होगी। नई शिक्षा नीति में एविएशन पाठ्यक्रम को रोजगारपरक शिक्षा की श्रेणी में शामिल किया गया है।

मजदूर दिवस– मुख्यमंत्री

हर साल आज के दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस यानी मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस दिन का मकसद मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सम्मान देना है। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार मजदूरों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

ऑनलाइन गेमिंग के नए नियम

केंद्र सरकार ने आज से ऑनलाइन गेमिंग के नए नियम लागू कर दिए हैं, जिनके तहत पैसे लगाकर खेले जाने वाले सभी ऑनलाइन गेम्स पर पूरी तरह बैन लगा दिया गया है। इन प्लेटफॉर्म के विज्ञापन और पैसों के लेनदेन पर भी रोक रहेगी और नियम तोड़ने वालों को जुर्माने के साथ जेल भी हो सकती है। सरकार ने इन नियमों की निगरानी के लिए आईटी मंत्रालय के अधीन भारतीय ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण बनाया है, जहां उपयोगकर्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगे।

कचरा प्रबंधन– निगरानी समिति

प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर अमल करते हुए प्रदेश में ठोस कचरा प्रबंधन की निगरानी के लिए मल्टी–टियर मॉनिटरिंग टास्क फोर्स बनाई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने संभाग, जिला, निकाय और वार्ड स्तरों पर समितियां गठित की हैं। संभाग स्तर पर संभागीय आयुक्त, जिला स्तर पर कलेक्टर और निकाय स्तर पर महापौर या अध्यक्ष इन समितियों की अगुवाई करेंगे।

समाचार संक्षेप में :–

- बडवानी जिले की कलेक्टर जयति सिंह ने कल पाटी विकासखण्ड के ग्राम डोंगरगांव में रात्रि चौपाल लगाई। यहां उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि विकास का केंद्र है। ग्राम विकास के लिए सभी ग्रामीणजन एकजुट होकर कार्य करें।

- आगरमालवा के अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने कहा है कि जनगणना–2027 हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभाओं के माध्यम से जनगणना के महत्व के व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए ।

- शिवपुरी जिले में मकानों की जनगणना का कार्य आज से प्रारंभ हो गया है। एक प्रगणक के जिम्मे औसतन 180 से 200 मकानों की गणना रहेगी। औसतन इतने ही मकानों का एक ब्लॉक बनाया जाएगा।

- आमजनों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने और शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को तत्परता से दिलाने के लिए ग्वालियर जिले की कलेक्टर रुचिका चौहान ने कल रात्रि चौपाल लगाई।

नमस्कार।